न्यायालय जिला कलक्टर,भरतपुर

अपील / रसद / 14 / 2019

गोपालराम उचित मूल्य दुकानदार ग्राम पंचायत भैंसीना तहसील भुसावर जिला भरतपुर

...........अपीलांट

बनाम

जिला रसद अधिकारी, भरतपुर

अपील विरूद्व आदेश जिला रसद अधिकारी भरतपुर
दिनांक 18.10.2017 प्रकरण 27 / 2017

आदेश

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी के वकील उपस्थित। प्रवर्तन अधिकारी उपस्थित।प्रवर्तन अधिकारी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि अपीलकर्ता गोपालराम की मृत्यु हो चुकी है। अतः अपील स्वतः ही निष्प्रभावी हो चुकी है। अतः विचाराधीन को समाप्त की जावे।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया । प्रवर्तन अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर गौर किया। अपीलांट गोपालराम उचित मूल्य दुकानदार भैंसीना तहसील भुसावर की मृत्यु होना प्रवर्तन अधिकारी द्वार अवगत कराया गया।अपीलांट की मृत्यु होने पर विचाराधीन अपील स्वतः ही निष्प्रभावी होने से इसी स्तर पर खारिज की जाती है।पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। तहत पत्रावली वापिस लौटाई जावे।

(डा0 जोगाराम)
जिला कलक्टर
भरतपुर